
RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831





हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश


जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता



वर्ष : 9 • अंक 120 • जून- 2015 • • मूल्य : 15/-

## शत् शत् नमनः



विश्व प्रसिद्ध रॉक गार्डन बनाने वाले

# पद्म् श्री नेकचंद सैनी

15 दिसंबर 1924–12 जून 2015

## हार्दिक श्रद्धांजलि



# सैनी समाज के लोगों ने किया कृषि मंत्री का स्वागत



सवाई माधोपुर। सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम सवाई माधोपुर के जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल सैनी ने बताया कि सर्किट हाउस सवाई माधोपुर में माली समाज के लोगों ने कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी का माला व साफा पहनाकर अभिनन्दन किया। समाजबंधुओं ने सैनी वर्ल्ड के मुख्य उद्देश्य के तहत माली समाज के विकास व आर्थिक उत्थान को लेकर चर्चा की गई। मंत्री ने सकारात्मक जवाब दिया व सम्मान वास्ते सैनी वर्ल्ड को धन्यवाद दिया। सचिन सैनी वरिष्ठ समाजसेवी, सैनी वर्ल्ड के प्रदेश मंत्री भगवान माली, जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल सैनी, ललिता सैनी, महिला जिलाध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष कमलेश बारवाल, युवराज सैनी, भवानी शंकर सैनी, जिला महामंत्री रामकल्याण सैनी, जिला प्रवक्ता कमलेश सैनी, जिला कोषाध्यक्ष महेन्द्र सैनी, जिला सहकोषाध्यक्ष मोहित सैनी सहित माली समाज के बंधु उपस्थित थे।

# सैनी वर्ल्ड इकोनोमीक फोरम के प्रांतीय अधिवेशन की झलकियां











RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

# माली सैनी सन्देश

• वर्ष : 9 • अंक 120 • 30 जून, 2015 • मूल्य : 15/- प्रति

सम्पादक मण्डल

संरक्षक :



श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

सह संरक्षक:



श्री ब्रह्मसिंह चौहान
(उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

प्रेस फोटोग्राफर

जगदीश देवड़ा
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

मार्केटिंग इंचार्ज

रामेश्वर गहलोत
(मो. 94146 02415)

कम्प्यूटर

इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

## इस अंक में

आवरण कथा

### चंडीगढ़ का मशहूर रॉक गार्डन बनाने वाले पदमश्री

## नेकचंद सैनी नही रहे



रॉक गार्डन में
अंतिम दर्शन



सम्पादकीय
चंडीगढ़ का मशहूर रॉक गार्डन बनाने वाले पदमश्रीनेकचंद सैनी नहीं रहे
समाज को कुरीतियां मिटाने के साथ शिक्षा पर देना होगा जोर : गहलोत
रूड़की में सैनी प्रतिभा सम्मान समिति ने किया
300 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान
वाहनों पर फर्जी प्रेस लिखा तो कार्यवाही
मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब
सर्व समाज ने दिया थाने पर धरना
कार-ट्रक की टक्कर में 4 लोगों की मौत, तीन एक ही परिवार के
महापुरूषों की प्रतिमाओं से नई पीढ़ी को प्रेरणा
युवा ग्रामीण क्षेत्र में रक्तदान के प्रति
जागरूकता लाने का प्रयास करें
पर्यावरण दिवस पर मंत्री राजकुमार रिणवा ने किया
वृक्षारोपण चामुण्डा माता मन्दिर में किए दर्शन
समाज के विकास में आर्थिक उत्थान एवं संगठन की मजबूती आवश्यक
कानाराम सांखला बने भाजपा किसान मोर्चा देहात के महामंत्री
गुदड़ी के लालों ने किया कमाल लगातार तीसरे वर्ष प्रदेश की मेरिट में आए होनहार
माली समाज गोड़वाड़ युवा संघ, सादड़ी का प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न
फूले सेना कार्यकारणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न
विपरीत परिस्थितियों में अपने दम पर लहराया परचम

# सम्पादक की कलम से ...



# चरण स्पर्श का रहस्य..

जीवन में सबसे अधिक महत्व मस्तिष्क का है। फिर हमारे देश में मस्तिष्क की बजाय पांवों को प्रणाम क्यों किया जाता है? पांवों को छूना मात्र कोई रूढ़ी परम्परा है या इसके पीछे कोई विज्ञान है?

मस्तिष्क ही नहीं हमारे शरीर का  हर अंग मूल्यवान है। सिर से लेकर पांव तक कोई भी अंग ऐसा नहीं है जिसे हम निरर्थक या निर्मल्य साबित कर सके। आँख, नाक कान, गला या हाथ, छाती, पेट, जंघा सभी अपने- अपने स्थान पर मूल्यवान है। हर व्यक्ति शरीर में तनी संपदाओं को संजोए हुए है कि ऐसा लगता है कि जैसे भगवान सबको अकूत खजाना देकर ही पैदा करते

सवाल है 'पांव' का वैसा ही मूल्य है जैसे किसी पर्वत के लिए 'तलहटी' का। पांव तो जीवन के लिए मकान की नींव है। गीता में श्री कृष्ण धरती पर हर प्राणी को कर्मयोगी बनने की प्रेरणा देते है। स्वाभाविक है कि व्यक्ति दो ही चीजों से कर्मयोग कर सकता है और वे है 'हाथ' और 'पांव'। आप जरा ऐसे आदमी की कल्पना करें जिसके हाथ व पांव न हो। वह न आदमी कहलायेगा न ही जानवर। पांव होने के कारण ही तो कोई दो पाया या चार पाया।

एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति में पांवों को इतना अधिक महत्व दिया जाता है कि उसने जीवन की अधिकांश बीमारियों की पांव की पगथलियों द्वारा दूरस्त करने की कला ढूंढ़ निकाली है। आप ताज्जूब करेगें इस बात को जानकर कि पांव की पगथलियों में केवल पांव ही नहीं है, आंख, नाक, सिर, ह्रदय, पेट यानी सब कुछ  है जो कि पांव से ऊपर है। जैसे सिर से शरीर का हर संबध जुड़ा हुआ है, ठीक ऐसे ही पांव से भी शरीर का संपूर्ण कनेक्शन है। शरीर के जे रोग सिर से ठीक नहीं हो सके, पांवों से वे ठीक हो जाते है। एक्यूप्रेशर यानि पांव के निर्धारित स्थानों पर अंगूठे से दबाव डालना।

कोई व्यक्ति यदि सुबह नगे पांव पन्द्र मिनट तक मिट्टी पर या घास पर चहल कदमी कर ले तो मानो सहज ही उसके संपूर्ण शरीर का एक्यूप्रेशर हो गया।

हमारी भारतीय संस्कृति में पांवों को छूने के पीछे एक बहुत बड़ा मनौवैज्ञानिक और आध्यात्मिक आधार रहा है। पांव छूना आदर, शिष्टाचार और विनम्रता का सूचक है, पांव छूना या अपने सिर को पांव में नमाना व्यक्ति के अंहकार को तोड़ने का सबसे सरलतम मंत्र है। जब हम ंचांग या साष्टांग प्रणाम करते है तो यह एक अच्छा योगासान भी हो जाता है। वहां अंहकार का झुकाना भी है और बड़ें का आशीर्वाद लेना भी है।

जब हम किसी के पांव में झुकते है तो उनका प्रेमपूरित हाथ हमारे सिर और कमर पर आता है। इससे बड़ों का आभामण्डल भी हमारे सिर पर पहुंचता है जो हमें प्रभावित करता है। आजकल चिकित्सा की एक और प्रणाली भी चल रही है जिसको हम 'रैकी' कहते है। रैकी और कुछ नहीं बल्कि स्वयं की अथवा अस्तित्व की ऊर्जा को अपने हाथों से किसी अन्य में प्रवाहित करना है।

यही है रैकी का राज। निश्चय ही चरण स्पर्श करना जीवन का सरल और सौम्य बनाने का तरीका है। आप चाहे तो आजमा कर देखें, आपको फायदा ही होगा। जैसा आप करेंगे, आने वाली पीढ़िया भी आपका अनुसरण करेगी। आखिर व्यक्ति को चल जाता है उसके पदचिन्ह ही शेष रहते है। नई पीढ़ी के लिए आदर्श प्रेरणा के लिए

**''चरण शरणम्'' अर्थात चरणों की शरण का ही आखिर मूल्य है।**



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

# चंडीगढ़ का मशहूर रॉक गार्डन बनाने वाले पद्मश्री

# नेकचंद सैनी

## नही रहे

15 दिसंबर 1924–12 जून 2015

रॉक गार्डन में अंतिम दर्शन









चंडीगढ़। रॉक गार्डन के क्रिएटर पद्मश्री नेकचंद सैनी का गुरूवार 12 जून को देर रात पीजीआई में निधन हो गया। 90 साल के नेकचंद डायबिजिज, हाइपरटेंशन के साथ ही कैंसर से पीड़ित थे। सीने में दर्द की शिकायत पर श्री नेकचंद को दो दिन पहले पीजीआई लाया गया था। वहां डॉक्टरों ने पाया कि उनके कई अंग काम नहीं कर रहे है। उसी दिन उन्हें आईसीयू में भर्ती कर लिया गया था। गुरूवार देर रात 12:11 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। शुक्रवार को उनके शव को पहले घर ले जाया जाएगा उसके पश्चात अंतिम दर्शनों के लिए रॉक गार्डन में रखा जाएगा। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को होगा। श्री नेकचंद का जन्म 15 दिसम्बर 1924 को पाकिस्तान के शकरगढ़ में हुआ। 1947 में वे हिंदुस्तान आ गए और बाद में चंड़ीगढ। 1951 में पीडब्ल्यूडी में रोड इंस्पेक्टर के तौर पर नियुक्त हुए। खाली वक्त में वे बेकार पड़ी चीजों को इकट्ठा करने लगे। इन चीजों से उन्होंने जो क्रिएटिविटी दिखाई बाद में वही रॉक गार्डन के रूप में दुनिया के सामने आई। विश्व भर में एक अनोखा रॉक गार्डन बनाया। इसके लिए उन्हें पद्मश्री से भी सम्मानित किया गया।

**एक गाइड खो दिया: नीलम मानसिंह**

श्री नेकाचंद अब नहीं आएंगे। रॉक गार्डन में उनका दफ्तर आज से सूना हो गया। गुरूवार देर रात पीजीआई में उनका निधन हो गया। दो दिन पहले सीने में दर्द की शिकायत होने पर उन्हें पीजीआई में भर्ती करवाया गया था। ये नुकसान सिर्फ उनके परिवार का नहीं है, पूरा शहर या यूं कहें कि पूरा देश एक ऐसे क्रिएटिव इंसान से वंचित हो गया, सिने इस शहर को दुनिया के नक्शे पर पूरी बुलंदी के साथ रखने में बड़ी भूमिका निभाई। उन्होंने आखिरी वक्त तक न तो अपना काम छोड़ा न ही वो जुनून जिसने उन्हें अपनी तरह का अनोखा कलाकार बना दिया। श्री नेकचंद के रॉक गार्डन में बने एम्फीथिएटर में हमेशा अपने प्ले करने वाली प्रोफेसर नीलम मानसिंह उनके निधन पर नि:शब्द थीं। वे बोलीं–मैं यकीन नहीं कर पा रही कि श्री नेकचंद नहीं रहे। उन्होंने हमेशा वो जगह दी परफॉर्मेंस के लिए जहां हम थिएटर का जादू जगा पाए। मुझे याद है कि हमार परफॉर्मेस के वक्त वे न केवल हमारे साथ खड़े होते थे बल्कि आयोजन में हमारी पूरी मदद भी करते थे। उनके जन्मदिन पर मेरी उनसे मुलाकात हुई थी। मेरे लिए रॉक गार्डन का क्रिएटर नहीं एक ऐसा इंसान चला गया जो मेरी रूह के बहुत करीब था। एक दोस्त और गाइड की तरह।

# नेकचंद का गांव पाक में छूटा, चंडीगढ़ बसाने को गांव उजड़े तो जख्म ताजा हो गए... फिर बना 'पत्थरों का संसार' 18 साल अनदेखा रहा रॉक गार्डन, राज खुला तो अफसर बरसे, लोग साथ आए... और दुनिया सराहने लगी नेकचंद को

## चला गया पत्थर के बुतों में जान डाल देने वाला

चंडीगढ़। नेक तो चंद ही होते है। वह उनमें भी विरले थे। बंटवारे ने उनका गांव छीन लिया। गुरदासपुर जिले के शकरगढ़ का बरियां कलां, जहां वह पैदा हुए थे, पाकिस्तान अपने साथ ले गया। उस तकलीफ को वह भूल नहीं पाए थे। फिर इधर हिंदुस्तान में, उन्होंने गांव के गांव उजड़ते देखे। फ्रांस के शिल्पकार ली कारबुजिए के शहर चंडीगढ़ को बसाने के लिए गांवों की बलि ली जा रही थी। यह देख उनके जख्म ताजा हो गए। मरहम तो गांव में ही था। पर गांव कहां से लाते। उनका तो नामो-निशान मिट रहा था। कुछ नहीं सूझा तो अपना गांव बसाने की ठान ली। ऐसा गांव, जहां पत्थर के बुत भी जानदार हों। बोलते दिखें। उनकी तकलीफ बांट लें।

और देखिए। उन्होंने ऐसा जादुई गांव वाकई बसा दिया। यह किस्सा 1960 के शुरूआत का है। पंजाब के पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट में वह रोड इंस्पेक्टर थे। दिन में सड़के बनाते और संस्कार का हुक्म बजाते। पर दिन ढलने के बाद सिर्फ दिल की सुनते। रोज नौकरी के बाद शाम को ढहते गांवो के मलबे से वह बेकार की चीजें इकट्ठी किया करते। टूटी चूड़ियां, ट्यूब लाइट, चीनी मिट्टी के बर्तनों के





टुकड़े, टाइल्स, मार्बल्स और ऐसे ही न जाने कितने

कबाड़ा यह सब साइकिल से ढोकर रोज जंगल में ले जाते। वहां झील किनोरे के एक हिस्से को मैदान सा बना लिया था। वहीं अपने सपनों के गांव को रचने में जुटे रहे। रात भर की मेहनत में सिर्फ दो साथी होते। एक छेनी, दूसरी हथौड़ी। यही कोई 17-18 साल चला यह सिलसिला। और 1975 में जब उनका साहकार दुनिया के सामने आया तो लोग भौंचके थे। पर अफसरान नाराज। क्योंकि उनकी इजाजत नहीं ली गई थी। वे सरकारी जंगल में पथरीले बुतों का यह गांव भी ढहा देना चाहते थे। लेकिन आम लोग दीवार की तरह अड़ गए। आखिर अफसरों को झुकना पड़ा। इस तरह, 1976 में चंडीगढ़ के लोगों को बिन मांगी सौगात की तरह रॉक गार्डन मिल गया, जिसे करीब पांच हजार लोग रोज देखने आते है।

शुक्रवार को इससे बहुत ज्यादा आए थे। रॉक गार्डन रचने वाले नेकचंद सैनी का पार्थिक शरीर यहां रखा था। नेकचंद रविवार देर रात अपना और हमारा संसार छोड़कर जा चुके है।




माली सैनी संदेश परिवार की और से श्री नेकचंद सैनी को हार्दिक श्रद्धाजलि अर्पित की गई। श्री सैनी ने माली सैनी संदेश परिवार के साथ आत्मीयता का रिश्ता बनाया हुआ था। जब प्रथम बार इनसे मिलने का अवसर प्राप्त हुआ तो इनको समाज की पत्रिका एवं वेब-साईट की जानकारी दी गई तो श्री सैनी ने मुक्तकंठ से न केवल प्रंशसा की हमें जीवन में आगे बढ़ने की सीख भी दी।

उनकी सहृदयता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जब कभी भी संपर्क किया तथा अपना परिचय देना प्रारंभ किया उससे पूर्व ही इन्होंने पहचान लिया तथा शुभाशिर्वाद देते थे। यहां तक की मेरे जन्म दिवस पर मुझे फोन कर बधाई एवं सफलता का आशीर्वाद देते थे। हमें उनको जोधपुर लाने की कमी हमेशा खलेगी क्योंकि उनकी यहां आने की हार्दिक ईच्छा जो अधुरी ही रही।

समाज के विकास के लिए अतिथियों ने शिक्षा को बढ़ावा देने व कुरीतियों को मिटाने का किया आह्वान

# समाज को कुरीतियां मिटाने के साथ शिक्षा पर देना होगा जोर : गहलोत



जालौर। माली समाज सेवा संस्थान की और से रविवार को वीरम नगर में माली समाज के वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके समाज की प्रतिभाओं का सम्मान करने के साथ समाज के स्कूल भवन विस्तार को लेकर घोषणाएं की गई। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कृषि प्रधान देश में सरकार चाहे कोई भी हो, किसानों के हित में काम करने वाली होनी चाहिए। उन्होंने समाज के विकास के लिए लोगों को एकजुट व जागरूक होकर शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ सामाजिक कुरीतियों को मिटाने की बात कही।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के लोग अपने बच्चों को पढ़ाने का संकल्प लें। प्रतिभावान बच्चे राजनीति में आए तथा तथा आगे बढ़ने के लिए समाज सेवा व जनहित के कार्यो से छत्तीस कौम में अपनी पहचान बनाएं। समाज के गणमान्य लोग सामूहिक समारोह में होने वाले फिजूलखर्च को रोक उस राशि का शिक्षा व अन्य विकास कार्यों में सदुपयोग करें। इससे पूर्व समाज के लोगों की ओर से अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने समाज की ओर से प्रकाशित पुस्तिका 'शिक्षा के क्षेत्र में हम' का विमोचन किया। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट रमेश सोलंकी व प्रमोद परिहार ने किया। संस्थान अध्यक्ष सांवलाराम सांखला ने अतिथियों का आभार जताया। भैरूनाथ अखाड़ा गादीपति गंगानाथ महाराज व सोजत के चेतनगिरी महाराज के सानिध्य में हुए कार्यक्रम में श्री मोतीबाबा फूले, श्री सुभाष सैनी, जी.एल. वर्मा, चेनाराम पंवार सहित अनकों संस्थाओं के पदाधिकारीगण ने समाज के लोगों को मागदर्शन प्रदान किया। इस अवसर पर संस्था के श्री भबूताराम ने सभी आंगतुकों का स्वागत किया। समारोह में पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में समाज बंधुओं ने उपस्थित हो कर समाज में हो रहे सुधारों की मुक्तकंठ से प्रंशसा की।



## प्रतिभाओं व भामाशाहों का किया सम्मान

वार्षिक सम्मेलन में अतिथियों की ओर से शिक्ष के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभवान छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न व प्रमाण प्रत्र देकर सम्मानित किया गया। समाज विकास में सहयोग देने वाले भामाशाहों का भी सम्मान करने के साथ समाजबंधुओं से समाज के विकास के लिए सहयोग देने की अपील की गई।



जालोर के एकमात्र न्यूज चैनल वीरम न्यूज की वेबसाइट का लोकार्पण करते पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं चैनल डायरेक्टर मुकेश सुन्देशा

# रुड़की में सैनी प्रतिभा सम्मान समिति ने किया 300 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान

## पहली बार समारोह में बाट गए पौधे

## शिक्षा से बदलेगी समाज की तस्वीर: डॉ. वर्मा



रूड़की। सैनी प्रतिभा सम्मान समिति ने रविवार को हाईस्कूल, इंटरमीडिएट सहित अन्य शिक्षा में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न और पौधा देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि भूतपूर्व डीन डॉ. एस. आर. वर्मा ने युवाओं से उच्च शिक्षा हासिल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवा ही देश और समाज की दिशा बदल सकते है। रविवार को इस बार भी हरिद्वार रोड स्थित एक फार्म हाउस पर सैनी प्रतिभा सम्मान समिति ने हाईस्कूल, इंटरमीडिएट में प्रथम आये छात्र-छात्राओं व खेलों में चयनित होने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंजाब के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी के भूतपूर्व डीन डॉ. एसआर वर्मा ने किया। उन्होंने ने सभी से उच्च शिक्षा प्राप्त करने का आह्वान किया। समाज सेवी महावीरसिंह सैनी ने सम्मान के गौरवशाली इतिहास के बारे में बताते हुए कहा कि युवा शिक्षा से देश में नया इतिहास रच सकते है।

इस अवसर पर समाज के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने शिक्षा एवं खेल के क्षेत्र में समाज को गौरवान्वित किया।

## ये रहे सम्मान समारोह में मौजूद

पूर्व राज्यमंत्री श्यामवीर सैनी, नई दिल्ली पूजा इंस्ट्रीटयूट के कृषि वैज्ञानिक डॉ. ध्यानसिंह सैनी कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष रणविजय सैनी, पत्रकार सुभाष सैनी, सत्यपालसिंह सैनी, सुरेंद्र सैनी, कर्मसिंह सैनी, के.पी.सिंह सैनी, सोमपालसिंह सैनी, युद्धवीर सैनी, महेंद्रसिंह सैनी, प्रीतम सैनी और समाज बंधु समारोह में उपस्थित थे। प्रिय सैनी अवनीश कुमार सैनी, विकास कुमार, शुभम कुमार, आकाश सैनी, साथी सैनी, नीशू सैनी, दीपक कुमार, मनोज कुमार, रोति सैनी, मोहित सैनी, सृष्टि सैनी, अभिषेक सैनी, मोहित सैनी, नेहा सैनी, कामना सैनी, निधि सैनी, शिवानी सैनी, साक्षी सैनी, सौरभ सैनी, राहुल कुमार, मधुसुदन सैनी, अंजनी सैनी, रजत सैनी, कामाक्षी, आरती सैनी, सोनिका सैनी, शुभम सैनी, पूजा सैनी, नेहा सैनी, राजकमल सैनी, निशांत सैनी, शारदा सैनी, राखी सैनी, स्वाति सैनी, प्रियंका सैनी, अतुल सैनी, अंकुश सैनी, रूपाल सैनी, हर्षित सैनी, निर्षय सैनी, आंशु सैनी, निशा देवी, दीपक कुमार, शालू सैनी, भारती सैनी, हिमांशु सैनी, प्रियका सैनी, शिल्पा सैनी आदि को सम्मानित किया गया।

## राज्य सरकार ने किए आई.ए.एस./आर.एस. के तबादले

जयपुर। राज्य सरकार ने वरिष्ठ आई. ए. एस. श्री ओ. पी. सैनी को राजस्थान आवासन मण्डल का आयुक्त बनाया। इसके साथ ही समाज के अन्य आर.ए.एस. अधिकारियों के तबादले किये हैं। उनमें ये सैनी अधिकारी अग्रलिखित स्थानों पर लगेंगे। 1. मा. तूलिका सैनी-उपयुक्त, राजस्थान प्रारंभिक शिक्षा परिषद, शिक्षा संकुल, जयपुर, 2. श्री शंकरलाल सैनी-उपखण्ड अधिकारी, टोडारायसिंह 3. श्री आलोक कुमार सैनी-उपखण्ड अधिकारी, श्रीमाधोपुर (सीकर)। जिला शिक्षा अधिकारी सैनी का तबादला श्री पांचू राम सैनी को, अब तबादला कर जिला शिक्षा अधिकारी करौली

## सैनी समाज की जांबाज पुलिस अधिकारी के कार्यो को सराहा यूपी के मुख्यमंत्री ने

# वाहनों पर फर्जी प्रेस लिखा तो कार्यवाही

### विधायक की नई लक्जरी गाड़ी नंबर अंकित न होने पर रोकी, गाड़ियों से काली फिल्में उतरी

## गैर मीडियाकर्मियों के वाहनों की होगी सघन चेकिंग - मंजिल सैनी (एस.एस.पी.)

इटावा : प्रेस यानी मीडीया। इस शब्द का खासतौर पर दुपहिया वाहन मालिकों द्वारा दुरूपयोग किया जाता है। चेकिंग से बचने के लिए प्रेस शब्द के प्रभाव को भुनाने की कोशिश की जाती है। अब ऐसे गैर मीडिया कर्मी वाहन मालिकों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। मीडिया से न जुड़े होने के बावजूद यदि वे चेकिंग के दौरान पकड़े जाते हैं तो उन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी मंजिल सैनी ने ऐसे दुपहिया वाहन मालिकों को प्रेस शब्द के दुरूपयोग से बचने की सलाह के साथ चेताया है।



एसएसपी सोमवार की शाम शहर में ईदगाह चौराहा से शास्त्री चौराहा तक वाहनों की सघन चेकिंग पर निकली थीं। चैकिंग में कई फोर व्हीलर और दुपहिया वाहनों के किसी न किसी कमी को लेकर चालान किए गए। कुछ वाहनों को सदर कोतवाली भेज दिया गया। चेकिंग के दौरान खासकर ऐसे फोर व्हीलर पर कड़ी नजर रही जिन पर राजनीतिक दल की झंडी लगी थी और शीशों पर काली फिल्म चढ़ी थी। ऐसे करीब एक दर्जन वाहनों की काली फिल्म उतरवाई गई। चेकिंग के दौरान एक विधायक की नई लक्जरी गाड़ी को इस वजह से रोका गया क्योंकि उस पर नंबर अंकित नहीं था। चालक ने सेल लेटर दिखाया और बतया कि वीआई नंबर का इंतजार किया जा रहा है। नंबर मिलते ही अंकित करा लिया जाएगा। तब गाड़ी को जाने दिया गया। एसएसपी ने ऑटो भी चेक किए।



**बीयर शॉप पर छापामारी**

एसएसपी ने पुलिस बल के साथ दो बीयर शॉप पर छापा मारा। जिसमें पहला छापा ईदगाह चौराहा के पास और दूसरा छापा शास्त्री चौराहा के पास स्थित शॉप पर मारा गया। बीयर शॉप पर पिलाने की सुविधा का लाइसेंस नही होता। इसके बावजूद दोनों शॉप पर ठेकेदार द्वारा ग्राहकों के लिए इस सुविधा का इंतजाम किया गया था।

इस पर दोनों शॉप को बंद कराकर उनके गद्दीदार को निर्देश दिए कि संबधित अनुज्ञापी का संतोषजनक पक्ष आने तक शॉप बंद रहेगी। शास्त्री चौराहा के समीप वाले बीयर शॉप पर लाइसेंस वर्ष 2014-15 का पाया गया। यानी रिन्युवल नहीं कराया गया था। चेकिंग अभियान के अंत में एसएसपी ने महिला पुलिस कर्मियों की हौसला अफजाई की। मौके पर शहर कोतवाल बलवीर सिंह गौर मौजूद रहे।



मंजिल सैनी की कार्यशैली हमेशा से ही दबंग पुलिस अधिकारी की रही है। इससे पूर्व भी अनेकों बार मंजिल सैनी ने अकेले ही कई गैर कानूनी कार्यो का पर्दाफाश कर अपना लौहा मनवा चुकी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने हाल ही में राज्य स्तरीय पुलिस अधिकारियों की मिटिंग में मंजिल सैनी के कार्यो की सराहना करते हुए मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

माली सैनी समाज की जाबांज महिला के लिए हमारी और से हार्दिक बधाई। हमें समाज की ऐसी विरांगानाओं पर गर्व है।

## समस्त माली समाज पंचायत के बैनर तले

# मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

## 100 साल बाद फिर ग्यारस को ही मंदिर में बिराजे श्री चारभुजानाथ



पाली। पानी दरवाजा स्थिति माली समाज के श्री चारभुजानाथ मंदिर को लेकर मान्यता है कि कारोबार के सिलसिले में पाली आए 10-15 समाजबंधुओं ने इसका निर्माण करवाकर ग्यारस के दिन प्राण प्रतिष्ठा कराई थी। यह बात लगभग सौ साल पहले की बताई जा रही है। समाज द्वारा इसका जीर्णोद्धार हुआ और वापस प्रतिष्ठा भी ग्यारस के दिन रखी गई तो इस ऐतिहासिक कार्यक्रम का साक्षी बनने केलिए देश भर से लगभग 10 हजार समाज बंधु यहां पहुंच गए।

प्राण प्रतिष्ठा के साथ 11 कुंडीय विष्णु महायज्ञ का आयोजन भी शुक्रवार को हुआ। समाज सुबह स्वागत समारोह तथा माहप्रसादी वितरण रामदेव रोड स्थित माली समाज की बगीची में हुआ। यहां बनने वाले भवन का शिलान्यास पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के कर कमलों से किया गया। दिन में पानी दरवाजा स्थित चारभुआ मंदिर की जैकारों के बीच प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई। अतिथियों व भामाशाहों का बहुमान समाज के अध्यक्ष कैलाश काबली, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवीलाल सांखला, उपाध्यक्ष प्रदीप कच्छवाह, सचिव विजयराज टांक तथा कोषाध्यक्ष जगदीश कच्छवाह के नेतृत्व में किया गया। संचालन ओम आचार्य, प्रमोद परिहार व राजेंद्र परिहार ने किया। कार्यक्रम में अनु सोलंकी, महेश परिहार, अशोक कच्छवाह, उमेश सांखला, नेमीचंद कच्छवाह, गोपालसिंह पंवार का भी सहयोग रहा। महाप्रसादी का आयोजन देवीलाल सांखला परिवार की तरफ से किया गया।

**राजनीति व शिक्षा में आगे बढ़ने की सीख :** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने भाषण में शिक्षा व राजनीति में आगे बढ़ने के साथ कई सीख समाजबंधुओं को दे गए। उन्होंने महिला शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए उन्हें भी राजनीति में उतरने का आह्वान किया। उन्होंने छोटी उम्र में देश की सता संभालने वाली पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को प्रेरक बनाने को कहा। उन्होंने माली समाज का अन्य समाजों के साथ अच्छे समंजस्य की भी सराहना की। उन्होंने संत लिखमीदास महाराज, रामदेव रोड पर समाज को भूमि दान देने वाले गणेशनंद महाराज तथा स्वर्गीय मानसिंह देवड़ा को भी याद किया।




इस दौरान पूर्व विधायक दिलीप चौधरी, पूर्व सांसद बद्रीराज जाखड़, पूर्व विधायक भीमराज भाटी, पूर्व सभापति केवलचंद गुलेच्छा, पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, शहर अध्यक्ष प्रकाश सांखला भी मौजूद थे।

**भव्यता :** माली समाज के लगभग 10 हजार लोग इस कार्यक्रम में मौजूद हुए। दिन भर धार्मिक कार्यक्रम चले। महाप्रसादी तैयाद करने में डेढ़

सौ का स्टाफ लगा।

**अनुशासन :** शहर के संकरे इलाके रामदेव रोड पर यह कार्यक्रम हुआ। इतनी बड़ी संख्या के बावजूद बिना पुलिस के बिना व्यवस्थाएं बनी रही।

**समर्पण :** जिस कार्यकर्ता को जो काम सौंप रखा था वह उसके निर्वहन में जुटा रहा। ठंडी महाप्रसादी वितरण न हो इसके लिए विभिन्न चरणों में हाथों-हाथ महाप्रसादी बनी।

इससे पूर्व माली समाज पंचायत की और से चारभुजानाथ मंदिर की पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का सोमवार की आगाज हुआ। कार्यक्रम के तहत शहर के मुख्य मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सुबह सिरेधाट पानी दरवाजा से बैंडबाजे के साथ रवाना हुई। इसमें सैकड़ों की संख्या महिलाओं ने कलश धारण किया। कलश यात्रा






पानी दरवाजा से रामदेव रोड स्थित माली समाज बगीची पहुंची। शोभायात्रा में शामिल बैंड व महिलाओं ने भक्ति गीतों से माहौल भक्तिमय कर दिया। माली समाज अध्यक्ष कैलाशय काबली ने बताया कि यह पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 12 जून तक आयोजित किया जाएगा। इसके तहत कई धार्मिक कार्यक्रम व अनुष्ठानों का आयोजन होगा। काबली ने बताया कि 10 जून को माली समाज बगेची रामदेव रोड पर भक्ति संध्या होगी। इस अवसर पर भामाशाहों का सम्मान भी किया जाएगा। 11 जून को चारभुआनाथ की शोभायात्रा निकाली जाएगी। और शाम को प्रसादी व भक्ति संध्या का कार्यक्रम होगा। 12 जून को मंदिर में प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

**यह रहे मौजूद :** कलशयात्रा के दौरान वरिष्ठ उपध्यक्ष देवीलाल सांखला, उपाध्यक्ष प्रदीप कच्छवाह, सचिव विजयराज टाक, कोषाध्यक्ष जगदीश कच्छवाह, रामलाल गहलोत, जेठाराम परिहार, किशनलाल कच्छवाह, छंवरलाल कच्दवाह व तेजराज पंवार सहित के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**गहलोत को देखा तो निकल गए सांसद :** सांसद पीपी चौधरी को यूं तो गुरूवार को बुलाया गया था, लेकिन बारिश के कारण प्रोग्राम रद्द हुआ तो वे शुक्रवार को कार्यक्रम में चले आए। मंच के सामने पहुंचे तो उस समय पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भाषण दे रहे थे। उन्हें देख वे तुंरत वापस चल गए। समिति के लोगों ने उनसे कार्यक्रम में चलने की मनुहार भी की, लेकिन वे बाद में आऊंगा कहकर चले गए। उनके साथ पूर्व सभापति कुसुम सोनी व जेठमल डागा भी थे।






# सर्व समाज ने दिया थाने पर धरना



## सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

चाकसू। सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर कस्बे के सर्वसमाज के लोगों ने शुक्रवार को चाकसू थाना परिसर में धरना प्रदर्शन किया। करीब एक घंटे चले प्रदर्शन में डेढ़ सौ से अधिक लोग शामिल थे। थानाधिकारी रोहिताश देवंदा ने प्रदर्शनकारियों को बचे हुए आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने का आश्वासन देकर धरना समाप्त करवाया।

**यह है मामला :** चाकसू थाने में नाबालिग किशोरी को अगवाकर सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला दर्ज करवाया गया थ। रिपोर्ट में बतया गया था कि आरोपियों ने 23 मई को नाबालिग किशोरी को उसके घर से अगवा कर लिया था। पुलिस घटना के मुख्य आरोपी सलीम नागोरी और जगदीश को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। दो अन्य नामजद आरोपी ईस्लाम और सद्दाम खां पुत्र ईदु खां निवासी नागौरी मोहल्ला चाकसू अभी फरार चल रहे है। गौरतलब है कि पुलिस की कार्यशैली को लेकर सोमवार को चाकसू के गोपीनाथजी मंदिर, मनोहरा तालाब पर सर्व समाज की एक बैठक आयोजित की गई थी, इसमें पुलिस के प्रति सभी समाज के लोगों ने असंतोष प्रकट किया था। सर्व हिन्दूसमाज ने पुलिस को तीन दिन का समय दिया था, जिसके चलते शुक्रवार को थाने में धरना दिया गया। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर उपखण्ड अधिकारी को भी ज्ञापन दिया गया था। सर्वसमाज ने एकजुट होकर पुलिस के खिलाफ आंदोलन की रणनीति बनाई। पीड़िता के परिजनों ने आरोप लगया है कि आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से दूर है इसके पीछे पुलिस की मिलीभगत हो सकती है।

दूसरी तरफ थानाधिकारी रोहिताश देवंदा का कहना है कि सामूहिक दुष्कर्म के मुख्य आरोपी सहित दो को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इसमें पुलिस की कोई मिलीभगत नहीं है।

# कार-ट्रक की टक्कर में 4 लोगों की मौत, तीन एक ही परिवार के

जालौर। शेरगढ़ के निकटवर्ती भूंगरा गांव से गुजरने वाले मेगा हाईवे पर रविवार की अल सुबह चार बजे एक कार व ट्रक में हुई भिड़ंत में चार लोगों की जान चली गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए तथा कार में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। एक ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ा। जानकारी के अनुसार जालौर के राजेंद्र नगर निवासी भगवानाराम माली अपनी पत्नी झम्मूदेवी, दो बेटों प्रशांत व यश बंटी, साले सुरेश कुमार पुत्र नैनाराम व धर्म बहन संतोष देवी पची रमेश कुमार माली के साथ कार में जालोर से शनिवार रात 12 बजे रामदेवरा दर्शन करने के लिए निकले थे। रविवार अल सुबह भूंगरा गांव के मेगा हाईवे पर सामने से आ रहे ट्रक से उनकी कार टकरा गई। हादसे में सुरेश कुमार (28), संतोष देवी (35) व प्रशांत (15) की मौके पर ही मौत हो गई। भगवानाराम (42) झम्मूदेवी(38) और यश (12) को घायल अवस्थ में एंबुलेंस 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

इस दुर्घटना के समाचार मिलते ही जालोर माली समाज में शोक की लहर दौड़ पड़ी एवं समस्त माली समाज के व्यापारियों ने प्रतिष्ठान बंद कर शोक प्रकट किया।



**दुर्घटना की भवायता क्षतिग्रस्त हुई कार से लगाई जा सकती है।**

# महापुरूषों की प्रतिमाओं से नई पीढ़ी को प्रेरणा

## अनावरण एवं रक्तदान कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा





चौमू। शहर के हनुमानजी रोड पर महात्मा ज्योतिबा फुले अस्पताल में रविवार को संत सुवालाल तंवर की मूर्ति अनावरण एवं रक्तदान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि महापुरूषों की मूर्तियां नई पीढ़ी के लोगों के लिए प्रेरणस्त्रोत हैं और एक संदेश है।

महापुरूष ज्योतिबा फुले के पदचिह्नों पर चल कर संत सुवालाल तंवर भी लोगों के प्रेरणास्त्रोत बन गए है। लोगों को इनसे प्रेरित होकर आगे बढ़ना चाहिए। चौमू, बगरू, शाहपुरा सहित आसपास के कस्बों को भी मेट्रो से जोड़ने के लिए प्रयास किए जाएगें। राजस्थान में रिफाइनरी ही जल्द से जल्द आनी चाहिए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, पूर्व विधायक मदनलाल सैनी, डॉ. करणसिंह यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री महादेव सिंह खंडेला आदि ने भी संबोधित किया। मंच पर पूर्व विधायक रामचंद्र सराधना, पूर्व विधायक रामेश्वरलाल यादव, सेवानिवृत्त आईएएस जेपी चंदेलिया, खेतड़ी विधायक पूरणमल सैनी, वेदप्रकाश सोलंकी, प्रोफेसर वीएम शर्मा, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष राकेश मीणा आदि अतिथि मौजूद थे। इससे पहले गहलोत ने अस्पताल परिसर में लगी संत सुवालाल तंवर की मूर्ति का अनावरण किया। संस्था का प्रतिवेदन हरिकिशन सैनी ने प्रस्तुत कर संस्था के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में सैनी समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों का गहलोत ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।





**रक्तदान कैंप का अवलोकन :** गहलोत ने रक्तदान शिविर का आवलोकन किया और रक्तदाताओं से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है। इस पुण्य कार्य के लिए सभी को आगे आना चाहिए, ताकि किसी भी अनजान जरूरतमंद व्यक्ति की जान बचाई जा सके।

**ये थे कार्यक्रम में मौजूद :** प्रधान लालचंद सेरावत, कृषि उपजमंडी अध्यक्ष सांवरमल चौधरी, पूर्व चेयरमैन गोविन्दनारायण सैनी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सैनी, पूर्व चेयरमैन नानूराम सैनी, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश विजयवर्गीय, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कृष्णकांत जोशी व नानागराम लांबा, डॉ. जेपी सैनी, शरदचंद्र चौहान, छीतर मल जलुथरिया, नेता प्रतिपक्ष अर्जुनलाल सैनी, एमजेएफ संस्थान के कैलाश सैनी, नेमीचंद सैनी, डॉ. हंस मालाकार, जिला देहात किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष आशीष यादव, वरिष्ठ कांग्रेस कमलसिंह यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माली समाज ठेकेदार सूरजमल सैनी, छीतरमल बबेरवात, पूर्व अनंतपुरा सरपंच बद्रीनारायण परिहार सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद थे।

**विभिन्न स्थानों पर किया स्वागत**

गहलोत के स्वागत के लिए जयपुर रोड राधास्वामी बाग से कार्यक्रम स्थल तक कई अनेक जगह

कार्यकर्ताओं ने तोरण द्वार लगा कर स्वागत किया।

गगन टावर के पास प्रधान लालचंद सेरावत के नेतृत्व में पूर्व मंत्री रामेश्वर यादव, जयसिंहपुरा सरपंच श्रवण यादव, साजिद पठान, अलीमुदीन खान, इंतजार खां, मोहन यादव, राजकुमार शर्मा, कृष्णदत शर्मा, सुभाष मील, अशोक मीणा, कल्याण डागर, मोहन डागर, पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण, पार्षद महेंद्र कुमावत, सीताराम जीतरवाल, हनुमान नटवाडिया, लालाराम गुलिया, वंदना यादव, कचंन शर्मा, सांवर मल सैनी, अभिषेक सैनी, लाल मोहम्मद सहित कई कार्यकर्ताओं ने गहलोत का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसी प्रकार वीर हनुमान मार्ग चौराहे पर नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुरेश विजयवर्गीय के नेतृत्व में नगर कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता राजेश वर्मा, हजारी बुटोलिया हेमराज गोठवाल, राजेंद्र बंगाली, नृसिंह वर्मा, राकेश चंदेल, भानू प्रसाद सैनी, महेश यादव, सखर खां लुहार, हबीब गोरी, हयात खां सहित सैकड़ों लोगों ने गहलोत का स्वागत किया। इसके अलावा एनएसयूआई तहसील अध्यक्ष कौशल तंर के नेतृत्व में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। क्षेत्र के जयपुर-चौमू राजमार्ग पर 14 नंबर पुलिया के पास रविवार को पूर्व नगर निगम वार्ड एक पार्षद सी.एम.शर्मा आमेर किसान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश गुर्जर खैखाडी जयपुर जिला कांग्रेस कमेटी सदस्य चंदालाल सैनी, अखैपुरा पूर्व सरपंच कमला सैनी, राकेश शर्मा, वार्ड एक पूर्व युका उपाध्यक्ष महेश सैनी, एडवोकेट कमलेश सैनी, भरत शर्मा सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकताओं ने ने माला पहनाकर स्वागत किया। इसी प्रकार राजावास में जिला पार्षद मोहन डागर व बंशीधर सैनी तथा टांटियावास तिराहे पर पूर्व सरपंच ममता शैलेष बोहरा, हनुमान प्रजापत, नाथूलाल कुमावत, शंकरलाल, लालचंद कुमावत, सीताराम, बाबूलाल, हेमंत गुप्ता संहित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने गहलोत का स्वागत किया।

# युवा ग्रामीण क्षेत्र में रक्तदान के प्रति जागरुकता लाने का प्रयास करें

**रक्तदान शिविर आयोजकों से मिले पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत**
**रक्तदान के प्रति जागरूकता के लिए किए जाएंगे कार्यक्रम**



जोधपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जोधपुर प्रवास के दौरान क्षेत्र में रक्तदान शिविर करवाने वाले प्रतिनिधि मंडल की विशेष बैठक भारत सेवा संस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत की उपस्थिति में हुई। बैठक में गहलोत ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं द्वारा करवाए जा रहे ग्रामीण इलाकों में रक्तदान शिविर बहुत ही सराहनीय है। ग्रामीण क्षेत्र में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ रही है तथा रक्तदान के प्रति जागरूकता लाना भी जरूरी है।

बैठक की अगुवाई करते हुए भारत सेवा संस्थान के चिकित्सा प्रभारी नरपत सिंह कच्छवाह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रक्तदान शिविर की बहुत ही मजबूत टीम है, जो समय-समय पर हर क्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन करती है। क्षेत्र में रक्तदान शिविर के अयोजक और राजीव गांधी युवा क्लब बालरवा के अध्यक्ष सांवर परिहर ने कहा कि भारत सेवा संस्थान का शिक्षा के साथ ही चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान है। संस्थान और क्षेत्र के नवयुवक मंडलों के सहयोग से पिछले पांच सालों से लगातार रक्तदान शिविरों का आयोजन हो रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ी है। क्षेत्र के हर्ष परिहार ने गहलोत से अनुरोध किया कि वे समय-समय पर रक्तदान शिविर आयोजकों की बैठक लेकर उन्हें और प्रेरित करें। भारत सेवा संस्थान के ट्रस्टी जसवंतसिंह कच्छवाह ने कहा कि सभी युवा सामाजिक सरोकार में सदैव तत्पर रहते हैं, जो सम्मानजनक है। बैठक के दौरान नवयुवक मंडल मथानिया के अध्यक्ष महेंद्र परिहार, छात्रसंघ बालेसर महाविद्यालय अध्यक्ष और क्षेत्र में रक्तदान शिविर आयोजक मुकेश सांखला, चौपासनी नवयुवक मंडल के अनिल परिहार, भीयाराम सुरेश सांखला, महेंद्र देवड़ा सहित कई युवाओं ने प्रतिनिधित्व किया।

## सुविचार

**खाने में कोई जहर घोल दे उसका ईलाज है लेकिन कानों में कोई जहर घोल दे उसका कोई ईलाज नहीं है।**

# संत लिखमीदास मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी





मथानियां। मथानियां में माली समाज के अराध्य देव संत लिखमीदास के नवनिर्मित मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। जयकारों के बीच मूर्ति प्रतिमा के साथ भव्य कलश चढ़ाया गया।

दिनभर धार्मिक अनुष्ठानों की धूम रही। मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन समिति के अध्यक्ष आसूराम देवड़ा ने बताया कि कस्बे के भैरूर ढ़ाणी में ग्रामीणों के आर्थिक सहयोग से संत लिखमीदास महाराज का भव्य मंदिर बनाया गया है। शुक्रवार को भलासरिया शिवबाडी के संत कैलाशनाथ महाराज, राजासनी धाम के संत छोटूराम महाराज, बंशीलाल महाराज के सान्निध्य में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह हुआ।

